**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**मुझ पे इतनी कृपा बस विधाता रहे**

**मुझ पे इतनी कृपा बस विधाता रहे,**
**राम का नाम होठों पे आता रहे ॥**
**मुझ पे इतनी कृपा...**

**भोर से साँझ तक राम का ध्यान हो,**
**हर तरफ राम है बस यही ज्ञान हो,**
**राम को ही हृदय ये बुलाता रहे,**
**राम का नाम होठों पे आता रहे ॥**
**मुझ पे इतनी कृपा बस विधाता रहे...**

**राम में ही सदा मैं लगाऊँ लगन,**
**राम की ही कथा में रहूँ मैं मगन,**
**राम चरणों से ही मेरा नाता रहे,**
**राम का नाम होठों पे आता रहे ॥**
**मुझ पे इतनी कृपा बस विधाता रहे...**

**राम को ही ये रसना पुकारा करे,**
**राम को ही ये नैना निहारा करें,**
**राम के गीत ही कंठ गाता रहे,**
**राम का नाम होठों पे आता रहे ॥**
**मुझ पे इतनी कृपा बस विधाता रहे...**

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram